Attem D.S.O. Madhubani

बिहार सरकार
खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग

पत्रांक – प्र01–का0स0–64/11– 1685 खाद्य, पटना/दिनांक– 14/3/2013

प्रेषक,

जयशंकर प्रसाद यादव,
सरकार के अपर सचिव ।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी ।

विषय :– प्रखंड स्तर पर डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों की नियुक्ति के सम्बन्ध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि विभागीय पत्रांक 8027 दिनांक 21.12.12 द्वारा बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लि0, बेल्ट्रॉन भवन, पटना से राज्य के सभी प्रखंड आपूर्ति कार्यालयों हेतु डाटा इन्ट्री ऑपरेटर की नियुक्ति का अनुरोध किया गया है। बेल्ट्रॉन से अभी तक डाटा इन्ट्री ऑपरेटर की सेवा उपलब्ध नही कराई गयी है। उल्लेखनीय है कि विभागीय पत्रांक 8026 दिनांक 21.12.12 (छायाप्रति संलग्न) के द्वारा सभी जिला पदाधिकारियों से अनुरोध किया गया था कि जब तक बेल्ट्रॉन से डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों की सेवा उपलब्ध नही करा दी जाती है तब तक जिला स्तर पर तैयार कार्यपालक सहायकों के पैनल से ही प्रखंडों के लिए डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों की नियुक्ति की कार्रवाई की जाय। परन्तु अभी भी कई जिलों से ऐसी सूचना प्राप्त हो रही है कि सभी प्रखंडों में डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों की नियुक्ति नही हुई है।

अतः अनुरोध है कि अविलंब डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों की नियुक्ति करते हुए प्रखंड आपूर्ति कार्यालयों एवं अनुमंडल आपूर्ति कार्यालयों के लिए आपूरित कम्प्यूटर को चालू कराया जाय।

विश्वासभाजन,

अनु0–यथोक्त ।

सरकार के अपर सचिव ।
12/3/13

ज्ञापांक – प्र01–का0स0–64/11– 1685 खाद्य, पटना/दिनांक– 14/3/2013
प्रतिलिपि – सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारियों एवं सभी सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारियों को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

सरकार के अपर सचिव ।